एम बी एस इंटरनैशनल स्कूल
सेक्टर-11 , द्वारका
सत्र-2019-20
अभ्यास प्रश्न-पत्र
हिंदी
कक्षा - आठवीं

समय: 1½घंटे **पूर्णांक: 40**

सामान्य निर्देश-

- सभी प्रश्न ध्यानपूर्वक पढ़ें।
- लेख सुंदर व साफ लिखें।
- सभी प्रश्न करने अनिवार्य हैं।
- सभी प्रश्नों के अंक उनके सामने दिए गए है।

खंड- क (अपठित बोध-9)

1. नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

जीवन में उत्साह का बड़ा महत्व है। उत्साह एक मन का भाव है। यह जिस व्यक्ति में होता है, उसमें जीवन में कुछ अद्भुत कार्य करने की ललक उठती रहती हैं। प्रत्येक कार्य की सफलता के लिए उत्साह एक अनिवार्य मनोभाव है। यदि कार्य बिना उत्साह के किया जाता है तो सफलता मिलना कठिन हो जाता है। बहुत से व्यक्ति मैच देखने या परीक्षा देने के समय से बहुत पहले ही पहुँच जाते हैं। यह उनके भीतर अपने लक्ष्य को प्राप्त करने की चरम सीमा का उत्साह है।

उत्साह ही वह मनोभाव है जो मानव को अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहन देता है। उसे बार- बार प्रेरित करता है। किसी प्रतियोगी परीक्षा के विद्यार्थी का लक्ष्य उसके द्वारा निर्धारित प्रतियोगिता में सफलता प्राप्त करना होता है। वह कई बार प्रयासों में सफल नहीं हो पाता, लेकिन फिर भी एकाग्र हो जुटे रहता है। उत्साह ही वह मनोभाव है जो हारे हुए प्रतियोगी को धैर्य और आशा की किरण दिखाता रहता है। एक उत्साही व्यक्ति परिणाम से कुछ समय के लिए विचलित तो होता है लेकिन उसे अपने किए प्रयास पर अटूट विश्वास होता है। वह नई ऊर्जा उत्साह से पाकर अपने लक्ष्य के प्रति अभिमुख होता है। एक दिन वह अपने किए कार्य को प्राप्त करने पर गौरवान्वित होता है। कई बार ऐसा होता है कि मुश्किल परिस्थितियाँ उसकी सफलता में बाधक बन जाती है तो वह दूसरा क्षेत्र चुनकर उसमें सफलता प्राप्त कर ही लेता है।

क) उत्साह क्या है ? 2
ख) प्रतियोगी परीक्षा के विद्यार्थी का लक्ष्य क्या होता है ? 2
ग) 'उत्साह' हारे हुए व्यक्ति के लिए क्या करता है? 2
घ) नीचे दिए शब्दों के समानार्थक शब्द गद्यांश में से ढूँढ़कर लिखिए। 2
i कोशिश - ii जोश-
ङ)नीचे दिए शब्दों के विलोम शब्द गद्यांश में से ढूँढ़कर लिखिए। 1
i निराशा - ii बाहर-

खंड- ख (व्यावहारिक व्याकरण -14)

2. दिए गए शब्दों का संधि कीजिए। 2

क अति + आवश्यक   ख एक + एक

3. समस्तपदों का विग्रह करके समास का नाम लिखिए। 2

क दही-बड़ा   ख सेनानायक

4. नीचे दिए गए अनेकार्थक शब्दो ंके दो-दो अर्थ लिखिए। 2

क पत्र -   ख कनक -

5. नीचे दिए गए विलोम शब्दों के अर्थ लिखिए। 2

क स्वाभाविक -   ख दुराचार -

6. नीचे दिए शब्दों में प्रत्यय जोड़कर शब्द बनाइए। 2

क लिख - _______ ख मानव - _______

7. नीचे दिए गए निपात शब्दों से वाक्य बनाइए। 4

क भी

ख सा

ग ही

घ तक

खंड- ग (पाठ्यपुस्तक-12)

8. नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 6

क लाला झाऊलाल की पत्नी ने कितने रूपयों की माँग की ?

ख हाइड्रोजन और ऑक्सीजन को पानी का पूर्वज क्यों कहा है ?

ग माखन - रोटी खाना किसे अधिक पसंद था ?

घ बाज़ ज़िंदगी भर आकाश में ही उड़ता रहा फिर घायल होने के बाद भी वह उड़ना क्यों चाहता था ?

ङ बिलवासी जी ने रूपयों का प्रबंध कहाँ से किया था ?

च टोपी बनवाने के लिए गवरइया किस-किस के पास गई ?

9. नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 3

क प्रगति   ख मानसिक   ग उपयोग

10. नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 3

क 'भारत छोड़ो आंदोलन' का प्रस्ताव किस तिथि को लाग हुआ?

ख अमीर खुसरो कौन थे ?

ग आज़ादी से पहले क्या - समस्याएँ थी ?

खंड- घ (लेखन-5)

11. नीचे दिए गए विषय पर विज्ञापन तैयार कीजिए। 5

अपनी कॉलोनी में होने वाले तीन दिवसीय व्यायाम-शिविर में शामिल होने के लिए कॉलोनी की पत्रिका हेतु एक सुंदर विज्ञापन तैयार कीजिए।